श्री मल्लादी वेंकट मुरली कृष्ण की संक्षिप्त रूपरेखा

01 अगस्त 1967 को जन्मे श्री मल्लादी वेंकट मुरली कृष्णा बैंकिंग एंड फाइनेंस में एमबीए हैं. उन्होंने प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ अपना करियर शुरू किया और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में तीन दशकों से अधिक का पेशेवर बैंकिंग अनुभव है. उनकी विशेषज्ञता बैंकिंग के सभी प्रमुख क्षेत्रों तक फैली हुई है, जिसमें कॉर्पोरेट क्रेडिट, अंतर्राष्ट्रीय संचालन, ग्रामीण और कृषि बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, एनआरआई व्यवसाय आदि शामिल हैं.

बैंकिंग उद्योग में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने शाखाओं से लेकर क्षेत्रीय कार्यालयों और विदेशी कार्य क्षेत्र से कॉर्पोरेट कार्यालय तक काम किया है . उन्होंने बड़े कॉरपोरेट के प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय संचालन के प्रमुख, ग्रामीण और कृषि विभाग के प्रमुख और वित्तीय समावेशन विभाग के प्रमुख जैसे दायित्वों को सफलतापूर्वक संभाला है . श्री मुरली कृष्ण ने बीओबी कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और एएफसी लिमिटेड (कृषि वित्त निगम) के बोर्ड में निदेशक का पद भी संभाला है.

1 दिसंबर, 2022 से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में इस वर्तमान पद पर पदोन्नति से पूर्व श्री मुरली कृष्णा बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक के पद पर हेड ऑफ कॉर्पोरेट एंड इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट - लार्ज कॉर्पोरेट थे .

****